# 31 दिसंबर तक पीएम आवास का काम पूरा नहीं कराया तो होगी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 20 दिसंबर. पीएम आवास योजना (शहरी) 1.0 का क्रियान्वयन वैसे तो मार्च 2025 में पूर्ण हो चुका है, लेकिन सरकार ने अधूरे आवास को पूर्ण करने के लिए 31 दिसंबर तक की डेडलाइन दी थी।**

**सारणी में अंडर कंट्रक्शन मल्टी स्टोरी**



जिसके बाद पीएम आवास योजना (शहरी) 1.0 पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। केवल पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 लागू रहेगी, जिसके लिए वर्तमान में नए आवेदन लिए जा रहे हैं। सरकार चाहती है कि प्रथम चरण में स्वीकृत और अधूरे मकान समय पर पूरे हो जाएं, ताकि योजना की साख बनी रहे। इसी उद्देश्य को लेकर केंद्र सरकार ने स्पष्ट कहा था कि 31 दिसंबर 2025 तक हर हाल में अधूरे आवास पूर्ण कराये जाये, लेकिन जिले की निकायों में अभी भी 405 पीएम आवास अधूरे है। इन आवासों के अधूरे होने के पीछे हितग्राहियों की ही लापरवाही बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि हितग्राहियों ने शासन से मिलने वाली राशि तो ले ली, लेकिन नियमानुसार निर्माण नहीं किया। जिसकी वजह से उनकी अगली किस्त नहीं आई। अब 31 दिसंबर तक आवास पूर्ण नहीं हुए तो सरकार से मिलने वाले निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाही होगी या ऐसे हितग्राहियों पर रिकवरी, बैंक खाते सीज करने तथा कुर्की जैसी कार्रवाही भी हो सकती है।

**बैतूल नपा में 7 हितग्राहियों से 6.10 लाख की रिकवरी:** बताया जा रहा है कि नगरपालिका बैतूल के अंतर्गत 24 ऐसे हितग्राही थे, जिन्होंने पीएम आवास की राशि तो ले ली, लेकिन आवास नहीं बनाये। इनमें से 7 हितग्राहियों से 6.10 लाख हजार की राशि वसूली की जा चुका है, वहीं शेष हितग्राहियों को राशि के लिए नोटिस जारी किये है। इन हितग्राहियों से कुल 13.90 लाख रूपये की राशि वसूल की जानी है। वहीं जिले में करीब 178 हितग्राही है, जिनसे राशि की वसूली होना है।

### जिले के निकायों में पीएम आवास की स्थिति

| निकाय | स्वीकृत | अपूर्ण |
|---|---|---|
| आमला | 553 | 11 |
| आठनेर | 1151 | 54 |
| बैतूल | 2745 | 48 |
| बैतूलबाजार | 838 | 66 |
| भैंसदेही | 1017 | 49 |
| चिचोली | 1001 | 115 |
| घोड़ाडोंगरी | 231 | 11 |
| मुलताई | 981 | 19 |
| शाहपुर | 358 | 32 |

(उपरोक्त आंकड़े प्राप्त जानकारी के अनुसार)

> सरकार द्वारा 31 दिसंबर तक की अवधि का समय दिया था। जिन्होंने राशि लेने के बाद भी निर्माण नहीं किया है उनके खिलाफ आरआरसी करवाई है। तहसीलदार के माध्यम से पत्र भेजे गये है। खाते सीज करने, संपत्ति कुर्की जैसी कार्रवाही भी हो सकती है।
>
> – सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

### 8875 आवास स्वीकृत, 8470 पूर्ण

जिले की 10 नगरपालिका और नगर परिषद में से 9 नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के तहत 8875 आवास स्वीकृत हुए थे, जिसमें से 8470 आवास पूर्ण हो गये, वहीं 405 आवास अभी भी किस्त न मिलने सहित अन्य कारणों से अधूरे पड़े है।वहीं सारणी नगरपालिका में पीएम आवास के तहत मोरडोंगरी रोड वार्ड नंबर एक में पीएम आवास की मल्टी स्टोरी (एएचपी) बनाई जा रही है। जिसमें करीब 456 प्लेट बन रहे है। इनका काम अभी पूर्ण नहीं हुआ है। नगरपालिका सारणी के श्री वराठे ने बताया कि फिनिशिंग का काम चल रहा है। कोरोना काल सहित रिवाइस के कारण निर्माण में देरी हुई है। उम्मीद है कि दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक मल्टी स्टोरी बनकर तैयार हो जायेगी।

### जिले में 405 पीएम आवास अपूर्ण

जिले की निकायों में पीएम आवास योजना के तहत पक्के मकान स्वीकृत हुए थे। जिसमें से 405 आवास अभी अपूर्ण है। बताया जा रहा है कि सबसे अधिक अपूर्ण मकान चिचोली नगर परिषद में है। यहां 115 आवास अपूर्ण है, जबकि आमला और घोड़ाडोंगरी निकाय में मात्र 11-11 आवास ऐसे है, जो पूरे नहीं हुए है। इसके अलावा आठनेर में 54 आवास, बैतूल 48, बैतूल बाजार 66, भैंसदेही 49, मुलताई 19, शाहपुर 32 आवास अपूर्ण है। बता दे कि पीएम आवास योजना के तहत नगरीय निकाय में ढाई लाख रुपए की सहायता राशि दी जाती है, ताकि कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों का अपना घर का सपना साकार हो सके। लेकिन पीएम आवास के प्रकरण स्वीकृत होने के बाद कई हितग्राहियों ने आवास निर्माण न कराकर आवास की पहली किस्त या दूसरी किस्त अन्य कार्यो में खर्च कर दी। जिससे आवास पूर्ण नहीं हो पाये। अब शासन ने ऐसे हितग्राहियों से राशि की वसूली का आदेश दिया है।

## गौवंश को कत्लखाने ले जा रहे 2 आरोपी पकडाए, 4 गौवंश जप्त

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिरोली झिल्पा के पास से पुलिस द्वारा गौवंश की तस्करी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 गौवंश जप्त कर गौशाला भिजवाया गया है।टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया बीते 18 दिसम्बर 2025 को शाम करीब 6 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बिरोली झिल्पा क्षेत्र में दो व्यक्ति 4 नग गौवंश (बैल) को अवैध रूप से हांकते हुए ले जा रहे हैं।जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची।मौके पर पुलिस टीम ने पाया की 2 व्यक्ति 4 नग गौवंश बैलों को मारते-पीटते, भूखे-प्यासे हालत में पैदल हांकते हुए पट्टन की ओर ले जा रहे थे। पुलिस टीम को देखकर आरोपी गौवंश को छोड़कर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर बमुश्किल पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा प्रारंभ में गौवंश मोर्शी (महाराष्ट्र) ले जाना बताया। जिनसे वैध दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। सघन पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे उक्त गौवंश मोर्शी जिला अमरावती (महाराष्ट्र) स्थित कत्लखाने ले जा रहे थे। पुलिस द्वारा आरोपी राजेश उर्फ गोलू पिता जंगीलाल काले, उम्र 28 वर्ष, जाति गायकी, निवासी ग्राम घाट पिपरिया, थाना मुलताई, जिला बैतूल एवं दीनू उर्फ दिनेश पिता मिरगु सूर्यवंशी, उम्र 35 वर्ष, जाति निहाल, निवासी ग्राम प्रभातपट्टन, थाना मुलताई, जिला बैतूल के खिलाफ धारा 4, 6, 9 मध्यप्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया है।उक्त कार्रवाई में निरीक्षक नरेन्द्रसिंह परिहार, उप निरीक्षक दिनेश कुमरे एवं डुमलेश्वर की सराहनीय भूमिका रही।



## घरेलू सामान एवं 10 हजार रुपए नकद चोरी

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिसनूर में नर्स के शासकीय आवास से अज्ञात चोरो ने घरेलु सामान एवं 10 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। गौरतलब है मासोद चौकी क्षेत्र में चोरी का सिलसिला जारी है पहले बिसनूर में पहले दुकाने, मंदिर एवं टेमू रनी बांध से किसानों की मोटर पंप रात के अंधेरे में चोरी हो रहे हैं।पुसली निवासी प्रकाश मायवाड़ एवं बिसनुर निवासी उमेश मालवी की टेमुरनी डेम पर लगा मोटर पंप पिछले सप्ताह में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। वहीं गुरुवार की रात बिसनुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्टाफ नर्स रुबीना मोटलानी के क्वार्टर को चोरों ने निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रुबीना ने बताया कि बिसनुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आहते में बने फैमिली क्वार्टर में वह निवासरत है गुरुवार को ड्यूटी खत्म कर अपने ग्रह ग्राम मासोद चली गई थी। शुक्रवार को दोपहर ड्यूटी पहुंची तो क्वार्टर का ताला टूटा हुआ था सामान बिखरा पड़ा था गुरुवार शुक्रवार के दरम्यानी रात में चोरों ने स्टाफ नर्स के कमरे में धावा बोलकर गैस सिलेंडर कपड़े, राशन सहित रोजमर्रा में इस्तेमाल आने वाले सामान सहित 10 हजार नगदी लेकर फरार हो गए।



### एक नजर में

#### नपा विशेष लोगों को पहुंचा रही फायदा : नागले

**सारनी।** भाजपा शासित नगर पालिका में नियमों को ताक में रखकर फायदा पंहुचाने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के निर्वाचित विधायक एवं सांसद के प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं और नियुक्त प्रतिनिधि खुलेआम ई निविदा में भाग लेकर नगरपालिका के साथ अनुबंध कर ठेकेदारी कर रहे हैं। कांग्रेस नेता प्रदीप नागले ने कहा कि लोक प्रतिनिधि अधिनियमकी धारा9 (ए),संविधान के अनुच्छेद 191 (ई),102(1),मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 धारा की 9 की उपधार में स्पष्ट उल्लेख है निर्वाचित सांसद-विधायक द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि निकाय में समस्त प्रयोजन हेतु पार्षद समझे जाते है, फिर भी नगर पालिका में मनोनीत प्रतिनिधि नगर पालिका से सीधा लाभ ले रहे है जो की नियम विरुद्ध और असंवैधानिक है। श्री नागले ने इस संबंध में जिला कलेक्टर और नगर पालिका अधिकारी से इसकी विधिवत शिकायत की है और मांग की है कि निर्वाचित विधायक सांसद द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों को शासन से सीधा लाभ लेने पर प्रतिबंध लगाए जाये। श्री नागले ने कहा कि सारणी नगर पालिका में सभी नियमों को ताक पर रखकर प्रतिनिधियो कों सीधे लाभ पंहुचया जा रहा है। इस मामले कि शिकायत जिला कलेक्टर एवं नपा सीएमओ सारनी से की है।

#### अपहृत नाबालिक को किया दस्तयाब

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम में निवास करने वाले एक ग्रामीण ने बीते 13 दिसम्बर 25 को थाने मे रिपोर्ट लिखाई की बीते 11 दिसम्बर 25 के 10 बजे उसके नाबालिक बालक को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कही ले गया। रिपोर्ट करने पर थाना पुलिस द्वारा धारा 137(2) भारतीय न्यायासंहिता का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये नाबालिक बालक की दस्तयाबी के लिए टीआई द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित की गई पुलिस टीम द्वारा नाबालिक बालक की दस्तयाबी के लिए दिल्ली हरियाणा रेवाडी रवाना कर हर सम्भव प्रयास कर नाबालिक बालक को दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुनिल सरयाम, प्रधान आरक्षक दिनेश बर्डे, नरेन्द्र, सायबर शाखा आरक्षक राजेन्द्र धाडसे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वार्ड के विकास में सभी का योगदान जरूरी : पंचू खान

**सारनी।** वार्ड के विकास एवं जन समस्या के निराकरण के लिए सभी सहयोग जरूरी है। भाजपा विधायक ने वार्ड क्रमांक 12 का दौरा कर जनता की समस्या को सुना है और निराकरण का भरोसा दिया है। उपरोक्त उदगार तिरुपति बालाजी वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद पति एवं समाज सेवी पंचू खान ने व्यक्त किए है। समाजसेवी पंचू खान ने कहा कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की इकाई क्रमांक 12 स्थापित करवाने के लिए प्रदेश सरकार से 11हजार 678 करोड रुपए की राशि स्वीकृत करा कर लाना और कार्यदेश जारी करवा लेना अपने आप में बड़ा काम है। इसके साथ ही उनके माध्यम से सीमेंट की फैक्ट्री का क्षेत्र में खुलवाना और इसके लिए लगातार संबंधित विभाग के अधिकारियों और मंत्रियों से मुलाकात करना यह बताता है कि क्षेत्र को चौमुखी विकास से जुड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी के विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने यहां भी कहा कि कांग्रेस का दामन कभी नहीं छोड़ सकता लेकिन मेरे वार्ड के 1250 मतदाताओं के विश्वास पर खरा उतरने और वार्ड में विकास कार्य करवाने के लिए मुझे सत्ता पार्टी के साथ जुड़कर वार्ड में विकास की धारा को आगे बढ़ने का काम करना अनिवार्य है।

## तिरंगा यात्रा के साथ आयोजित हुआ हिन्दू सम्मेलन

**मुलताई। नगर में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हाई स्कूल मैदान पर किया गया।**

**हाई स्कूल मैदान पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**निकाली तिरंगा यात्रा, नगर का किया भ्रमण**




इसके पहले महिलाओं द्वारा बैतूल रोड स्थित साईं मंदिर के पास से डीजे की धुन पर बजते राष्ट्रीय गीतों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई,जो नगर भ्रमण करती हुई हाइस्कूल मैदान पहुंची, वहीं ताप्ती तट से कलश यात्रा निकाली गई,उक्त यात्रा भी हाइस्कूल मैदान पहुंचकर हिन्दू सम्मेलन में शामिल हुई। हिन्दू सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, नपा अध्यक्ष वर्षा गढेकर,हेमंत विजयराव देशमुख, रेखा शिवहरे,नगर प्रमुख जयेश संघवी,राजेंद्र सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाए एवं आरएसएस के सदस्य उपस्थिति रहे। हिन्दू उपस्थित संघ के वक्ताओ द्वारा कुटुंब प्रबोधन,समरसता,पर्यावरण, पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सवेक संघ के पदाधिकारी सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बच्चों की सेहत पर शीतलहर का संकट, समय बदलने की मांग

**सारनी।** अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की जिला इकाई ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर स्कूल समय में बदलाव की मांग की है। संगठन के जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर बैतूल के नाम नायब तहसीलदार सारनी को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में जिले के समस्त शासकीय और अशासकीय स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग की है। जिला महामंत्री संतोष कैथवास ने कहा कि वर्तमान शीत लहर में सबसे अधिक असर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, उन्होंने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बैतूल जिले में प्रात:काल शीत लहर जैसी ठंडी हवाएं चल रही हैं, इसके बावजूद वर्तमान में जिले के सभी स्कूल नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक सुबह 7.45 बजे से संचालित किए जा रहे हैं। स्कूल जाने के लिए बच्चों को सुबह लगभग 6 बजे से तैयार होना पड़ता है, जिससे ठंड का सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। संगठन का कहना है कि स्कूलों का संचालन समय प्रात: 9.30 बजे से करने की है।

## सड़क निर्माण में अवैध मुरम का हो रहा उपयोग

**सारनी।** घोड़ाडोंगरी विकासखंड की ग्राम पंचायत बाकूड़ में दुलारा से जाजबोड़ी तक प्रधानमंत्री सड़क परियोजना अंतर्गत लगभग 2 किलोमीटर लंबी सड़क गंभीर विवादों में घिर गई है। सड़क निर्माण में नियमों को ताक पर रखकर अवैध मुरूम का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। ठेकेदार और स्थानीय भू-स्वामी की मिलीभगत से खेतों और पहाड़ी हिस्सों को खोदकर खनिज संपदा की लूट की जा रही है।नियमों के अनुसार निजी या कृषि भूमि पर 3 फीट से अधिक खुदाई के लिए खनिज विभाग की अनुमति आवश्यक होती है, लेकिन यहां 40 फीट तक ऊंचे पहाड़ों को पोकलेन से काटा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार भू-स्वामी भैयालाल उईके की बिना अनुमति 1000 रुपये प्रति ट्रॉली के हिसाब से ठेकेदार को मुरूम बेच रहा है, जिसे सरकारी सड़क निर्माण में खपाया जा रहा है। निजी कार्यों के लिए मुरूम परिवहन के अलग सौदे भी चर्चा में हैं। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि भ्रष्टाचार भी उजागर हो रहा है। इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी मनीष पालेवार का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



## प्रोजेक्टर के जरिये बाघ गणना व ऑनलाइन एंट्री के सिखाए गुर

**सारनी।** उत्तर वन मंडल बैतूल के अंतर्गत आने वाली रानीपुर रेंज के कुही बीट क्रमांक 281 में वन विभाग के 30 से अधिक कर्मचारियों अधिकारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से एमएस ट्रिप मशीन संचालित कैसे किया जाता है, वन कर्मियों को प्रशिक्षण के माध्यम से गुर सिखाए गए। बताया जाता है एमएस ट्रिप मशीन ऑनलाइन नेटवर्किंग में संचालित होगा और जिस भी जानवर के पग मार्ग होंगे, उसकी फोटो खींचकर उसमें जैसे सबमिट किया जाएगा। वैसे ही उसे जानवर का नाम उम्र और वजन इस मशीन के माध्यम से बताने का कार्य किया जाएगा। जिस समय कर्मचारी अधिकारी इस मशीन का उपयोग करेंगे उसे समय उन्हें ऑनलाइन होना बहुत जरूरी है तब जाकर ही यह मशीन पूर्ण रूप से कम कर पाए। प्रशिक्षण करता अधिकारी ने उपस्थित कर्मचारियों अधिकारियों को स्पष्ट रूप से बताया कि मोबाइल एप एमएस ट्रिप के माध्यम से कैसे मोबाइल में एंट्री करना है। यह सब मौके पर दिखाया गया। बाघ की गिनती में किस तरह की बारीकियां रखी जाती है। जिससे उनकी पहचान हो सके कि यह पग मार्ग जो है वह बाघ के ही है। साथ ही जंगलों में जानवरों की गिनती करते समय क्या सावधानी बरतनी चाहिए यह भी वनपाल को महत्वपूर्ण रूप से बताने का कार्य किया गया। अखिल बाग गणना में शामिल कर्मचारी परिक्षेत्र सहायक हवाल सिंह कासदे, रामनारायण अखंडे, हंसराम चौधरी, भगल सिंह धुर्वे, यशवंत लिखितकर, बीट प्रभारी महेंद्र कुमार नागले, कैलाश बारस्कर, नितिन मिश्रा, सुधाकर बेले, विशाल कवड़कर, कन्हैयालाल डोंगरे, राधेश्याम मालवीय, नंदलाल काकोड़िया, रामप्रकाश कुमरे,चंदन सिंह परते समेत 25 से 30 प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे ।

**इनका कहना है**

एम एस ट्रिप मशीन जो है वह पूर्ण रूप से जानवरों के पग के निशान को खींचने के बाद काम करेगी और इसका ऑनलाइन होना बहुत जरूरी है। जब वन विभाग के कर्मचारी इसका उपयोग करेंगे, तब इसकी बारीकियां को महत्व देना बहुत महत्वपूर्ण है, तब जाकर ही उसे जानवर का नाम उसकी आयु कितनी है और अनुमानित वजन कितना है यह बता पाएगी। इस मशीन के वन विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों के मिलने के बाद विभिन्न प्रजाति के जानवरों की गणना करना आसान हो जाएगा।

**झलकन शाह उईके, उत्तर वन परिक्षेत्र अधिकारी**

## नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में लाभान्वित हुए मरीज

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 20 दिसंबर. चरक नेचुरोपैथी एवं रिसर्च सेंटर भारत भारती जामठी बैतूल में आयुष विभाग द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन गुरुवार 18 दिसंबर को किया गया।**



शिविर प्रात: 9 बजे प्रारंभ हुआ, जिसका शुभारंभ भगवान धन्वंतरिचरक नेचुरोपैथी एवं रिसर्च सेंटर भारत भारती जामठी बैतूल में आयुष विभाग एवं माता सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। शिविर के लिए डॉ युवराज सूर्यवंशी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। आयुष विभाग की ओर से आयोजित इस शिविर में डॉक्टर प्रीति पाटनकर होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर प्रफुल्ल सोनी, डॉक्टर मिनाक्षी चौरासे सहित कुल 12 कर्मचारियों ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन किया। शिविर में आयुर्वेद के 73 एवं होम्योपैथी के 78 लाभार्थियों सहित कुल 151 लोगों का उपचार कर नि:शुल्क आयुष औषधियों का वितरण किया गया।

शिविर में संधिवात, जोड़ों में दर्द, ज्वर, श्वास, कास, प्रतिश्याय, उदर रोग एवं नेत्र रोग जैसे विभिन्न रोगों के लिए नि:शुल्क औषधियां दी गईं। साथ ही योग शिक्षक पारुल पालीवाल एवं योग सहायक भूपेंद्र सिंह देवडे द्वारा रोग के अनुसार आवश्यक योग सिखाए गए और सरल योग क्रियाओं का अभ्यास भी कराया गया। औषधीय उपचार और योगाभ्यास के समन्वय के साथ यह आयुष शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## केंद्रीय राज्य मंत्री आज करेंगे आदि बाजार का शुभारंभ

**बैतूल। केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके के मुख्य आतिथ्य में 21 दिसंबर को छत्रपति शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में दोपहर 1 बजे आदि बाजार का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।**

जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार के ट्राईफेड द्वारा 21 दिसंबर से 26 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रात: 11 से रात्रि 9 बजे तक आदि बाजार का आयोजन होगा। आदि बाजार में प्रदेश की प्रचलित महेश्वर और चंदेरी साड़ियों से लेकर बांस कला, सजावटी पौधों की दुकान, वूलन क्लॉथ्स, हैंडलूम, फारेस्ट प्रोडक्ट्स, विभिन्न शिल्प और बैतूल जिले की पहचान बन चुके भरेवा शिल्प के हैंडीक्राफ्ट यहां लोगों को देखने और खरीदने को मिलेंगे। इसके साथ ही फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मिलेट से बने पारंपरिक और नवीन उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। वहीं ट्रायफेड के 25 स्टॉल और जिला प्रशासन के 22 स्टॉल लगाए जाएंगे। आदि बाजार में छोटे-छोटे झूले और फन एक्टिविटीज भी आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर ट्राइबल के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला पंचायत, नगर पालिका बैतूल एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों द्वारा आदि बाजार की तैयारियां कर ली गई है।

## संत गाड़गे बाबा का मनाया परिनिर्वाण दिवस

**मुलताई। नगर में शनिवार को ताप्ती परिक्रमा मार्ग पर स्थित संत गाड़गे बाबा मंदिर में गाड़गे बाबा का 69 परिनिर्वाण दिवस धोबी समाज द्वारा हवन पूजन कर भंडारा प्रसादी वितरण कर मनाया गया।**




परम पूज्य स्वच्छता के जनक संत श्री गाडगे महाराज की 69 वी पुण्यतिथि पर जिले भर से आए समाजिक बंधुओं ने संत श्री गाडगे बाबा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, सुबह 10बजे हवन-पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़े वरिष्ठ रामप्रसाद बाथरी सुहागपुर ,जसपाल सोलंकी ने समाज के एकत्रीकरण पर जोर दिया। दिलीप सौदागर,अनिल तिडके ने महिला मोर्चा व युवा पीढ़ी को आगे लाने की बात कही। बैतूल से शशि सोलंकी ,गजानंद वावसे ललित गाडगे, प्रकाश सेवतकर सहित महिला मंडल ने भविष्य में कार्यक्रम में और भव्यता लाने की बात कही। समाज बंधुओ द्वारा गोपाला गोपाला देवकीनंदन गोपाला और मां ताप्ती भजन गाए। वहीं मकर संक्रांति के पर्व पर 17 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की अनिल पपाड़कर, विशाल राऊत, तुषार पापडकर, कार्तिक, शुभ , मोनू सेवतकर को जवाबदारी दी गई। कार्यक्रम मे जिले भर से सामाजिक बंधु सम्मिलित हुए और सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।कार्यक्रम आयोजन में गाडगे बाबा समिति के संजय तायवाडे, मुन्ना, प्रकाश, विकास श्याम सेवतकर की सराहनीय भूमिका रही।